प्रेस नोट

दिनाँक 04.02.2021

थाना रक्सा पुलिस टीम द्वारा शातिर गाँजा तस्कर, 750 ग्राम अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया

श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री दिनेश कुमार पी के निर्देशन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर श्री विवेक त्रिपाठी के नेतृत्व में व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी सदर श्री हिमांशु गौरव के निकट पर्वेक्षण में अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनाँक 04.02.2021 को मुखविर खास की सूचना पर हाइटेक सिटी गेट के पास कस्बा रक्सा से एक शातिर गाँजा तस्कर को मय गाँजा, के गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 21/2021 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत किया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनाँक 04.02.2021 को थाना रक्सा उ0नि0 श्री सोमेश कुमार, मय हमराह का0 338 आनन्दभान, का0 1570 शैलेन्द्र कुमार , का0 714 शैलेन्द्र चौधरी मय सरकारी वाहन व चालक HC 267 देवेन्द्र सिंह के देखभाल क्षेत्र,तलाश वाँछित अपराधी, चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति में कस्बा रक्सा में पुनावली तिराहे के पास मामूर थें कि तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि एक व्यक्ति जिसके पास कोई नजायाज वस्तु है, वह पुलिस से बचता हुआ मोटर साइकिल से टोल के पीछे के कच्चे रास्ते से आ रहा है, और हाइटेक सिटी के गेट से निकलेगा अगर जल्दी किया जाये तो उसे पकडा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास करके उ0नि0 सोमेश कुमार मय हमराहिया पुलिस बल के हाइटेक सिटी गेट के पास पहुँचे और छिप कर बताये गये व्यक्ति का इंतजार करने लगे तभी कुछ देर में एक व्यक्ति मोटर साइकिल नं0 UP93AY 5433 हीरो HF डीलक्स से आता दिखाई दिया जिसे मुखविर के इशारे पर पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सूर्य प्रताप सिंह पुत्र श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह नि0 ग्राम गुमनावारा थाना नवाबाद झाँसी उम्र करीब 45 वर्ष बताया। व तलाशी से पकडे गये व्यक्ति के कब्जे से 750 ग्राम गाँजा बरामद हुआ। अभियुक्त को कारण गिरफ्तारी बता कर समय 04.05 बजे गिरफ्तार किया गया। पकडी गयी मोटरसाइकिल के प्रपत्र तलब किये गये तो नही दिखा सका अतः मोटर साइकिल नं0 UP93AY 5433 हीरो HF डीलक्स को धारा 207 एम0वी0एक्ट में सीज कर थाने लाकर दाखिल किया गया व मु0अ0सं0 21/2021 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता- 1. सूर्य प्रताप सिंह पुत्र श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह नि0 ग्राम गुमनावारा थाना नवाबाद झाँसी उम्र करीब 45 वर्ष।

अभियुक्त की गिरफ्तारी का स्थान व दिनाँक- हाइटेक सिटी गेट के पास कस्वा व थाना रक्सा, जनपद झाँसी, दिनाँक 04.01.2021

बरामदगी का विवरण- 750 ग्राम गाँजा बरामद।

गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 श्री सोमेश कुमार थाना रक्सा जनपद झाँसी
2. का0 338 आनन्दभान थाना रक्सा जनपद झाँसी
3. का0 1570 शैलेन्द्र कुमार थाना रक्सा जनपद झाँसी
4. का0 714 शैलेन्द्र चौधरी थाना रक्सा जनपद झाँसी
5. हे0का 267 देवेन्द्र सिंह थाना रक्सा जनपद झाँसी